गुरुवार
14 सितंबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

जदयू एमएलसी राधाचरण सेठ को ईडी ने किया गिरफ्तार

2

फैसला... 75 लाख एलपीजी के मुफ्त कनेक्शन देगी मोदी सरकार

- केंद्रीय कैबिनेट ने ई-कोर्ट मिशन मोड को दी मंजूरी
- देशभर में कोर्ट को ऑनलाइन करने और पेपरलेस बनाने की दिशा में सरकार तेजी से कर रही है काम

एजेंसी/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता पर पीएम मोदी को बधाई देने के लिए प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान सभी केंद्रीय मंत्रियो ने तालियों के साथ पीएम मोदी का अभिनंदन किया। दरअसल भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में 9 सितंबर और 10 सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन हुआ था। इसमें पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व व भारत की डिप्लोमेसी को देश-विदेश में सराहा गया था।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया कि 75 लाख एलपीजी के मुफ्त कनेक्शन और दिए जाएंगे। अगले 3 सालों में ये एलपीजी गैस कनेक्शन उज्ज्वला योजना के अंतर्गत महिलाओं को मिलेंगे। ठाकुर ने कहा कि उज्ज्वला योजना से महिलाओं के स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि नौ करोड़ 60 लाख एलपीजी गैस कनेक्शन उज्ज्वला योजना के तहत गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को पिछले नौ साल में दिए गए हैं।

7210 करोड़ रुपए से पूरा होगा ई-कोर्ट मिशन

केंद्रीय कैबिनेट ने ई-कोर्ट मिशन मोड चरण-3 को मंजूरी दे दी है। इसमें आने वाली लागत के लिए 7210 करोड़ रुपये बजट को भी स्वीकृति दी गई है। देशभर में कोर्ट को ऑनलाइन करने और पेपरलेस बनाने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। पहले चरण में कई कोर्ट को ई-कोर्ट मिशन के तहत ऑनलाइन किया गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि ई-कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट के फेज-3 को मंजूरी मिली है। इसे लगभग 7,210 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। ई-कोर्ट मिशन से सरकार न्यायिक व्यवस्था को नागरिकों के लिए आसान, किफायती और पारदर्शी बनाने की दिशा में प्रयास कर रही है। इससे पहले के 2 चरण में 18 हजार से अधिक अदालतों के कामकाज को ऑनलाइन किया जा चुका है। अदालतों को कंप्यूटर और नेटवर्क कनेक्टिविटी देकर ऑनलाइन किया जा चुका है। इससे केस की जानकारी या चालान आदि का निपटारा होने में तेजी आने की बात कही जा रही है।

रेलवे के अधिकारी के घर छापा दो करोड़ 61 लाख रु. बरामद

गोरखपुर में तैनात था घुसखोर अधिकारी

एजेंसी/नई दिल्ली

सीबीआई ने पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के चीफ मटेरियल मैनेजर केसी जोशी को 3 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने छापेमारी में 2.61 करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तारी के बाद, सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के नोएडा और गोरखपुर में अधिकारी से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप नकदी बरामद हुई। जोशी भारतीय रेलवे स्टोर सेवा (आईआरएसएस) के 1988 बैच के अधिकारी हैं और उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में तैनात थे।

सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उन्हें जोशी द्वारा रिश्वत की मांग के संबंध में प्रणव त्रिपाठी नाम के एक व्यक्ति से शिकायत मिली थी। सुक्ति एसोसिएट्स के मालिक त्रिपाठी ने अपनी कंपनी को जीईएम पोर्टल पर पंजीकृत कराया था। उन्होंने अपनी कंपनी के माध्यम से पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर और अन्य सरकारी विभागों को उत्पादों और सेवाओं की आपूर्ति की। जनवरी 2023 में त्रिपाठी ने स्टोर डिपो पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर से तीन ट्रक सामग्री की आपूर्ति के लिए टेंडर मिला, जो प्रति ट्रक प्रति माह 80,000 रुपये के भुगतान के साथ 15 जनवरी 2024 तक वैध था।

उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि केसी जोशी ने जीईएम पोर्टल पर त्रिपाठी की फर्म का पंजीकरण रद्द करने के लिए लिखा और रिश्वत न देने पर चल रहे टेंडर रद्द करने की धमकी दी। सीबीआई ने शिकायत का सत्यापन किया, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही साबित हुए। नतीजतन, सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज की। अधिकारी ने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है।

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग में मुठभेड़

आतंकी हमले में कर्नल मेजर व डीएसपी शहीद

- लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली हमले की जिम्मेदारी
- शहादत प्राप्त करनेवालों में सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक और जम्मू पुलिस के डीएसपी हुमायूं शामिल

एजेंसी/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया। इसमें कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक और डीएसपी हुमायूं शहीद हो गए। कोकेरनाग इलाके के घने जंगलों में आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के बीच शहीद डीएसपी का शव बरामद कर लिया गया है। सेना के 15 कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक दिलबाग सिंह समेत कई अधिकारी ऑपरेशन की निगरानी और शहीदों के पार्थिव शरीर को लाने और घायल जवानों के रेस्क्यू के लिए मुठभेड़ की जगह पर पहुंचे हैं।

जानकारी के अनुसार आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष सूचना मिलने के बाद सेना और पुलिस ने मंगलवार देर रात एक ज्वॉइंट सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। कमांडिंग ऑफिसर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी के नेतृत्व में सैनिकों पर गोलीबारी हुई। इलाके में तुरंत सुरक्षा बल भेजा गया, लेकिन आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के कारण घायलों को तुरंत नहीं निकाला जा सका। इस ऑपरेशन में सेना का एक डॉगी भी मारा गया है। सेना के अधिकारी ने बताया कि एनकाउंटर में शहीद हुए आर्मी डॉग का नाम केंट था। उसने मुठभेड़ के दौरान अपने हैंडलर को बचाया और खुद शहीद हो गया। केंट आतंकियों की तलाश करने के लिए जवानों की एक यूनिट का नेतृत्व कर रहा था। इस दौरान उसे गोली लग गई थी।

मुठभेड़ में तीन आतंकवादी भी मारे गए

जम्मू कश्मीर में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच राजौरी में भी मुठभेड़ हुई। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि राजौरी में बुधवार को ही मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने एक और आतंकवादी को मार गिराया। इससे राजौरी जिले के सुदूरवर्ती नारला गांव में तीन दिन से जारी अभियान के दौरान मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है।

इस साल 26 आतंकी मारे गए, 10 सुरक्षाकर्मी शहीद

दक्षिण कश्मीर में बीते डेढ़ माह के दौरान सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पूर्व अगस्त के पहले सप्ताह में हालन इलाके में हुई मुठभेड़ में तीन सैन्यकर्मी बलिदानी हुए थे। वहीं, इसके बाद 20 अगस्त को पुलवामा में आतंकियों और जवानों में मुठभेड़ हुई थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में इस साल हुई मुठभेड़ में लगभग 26 आतंकवादी मारे गए और 10 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि ज्यादातर आतंकवादी सीमा पार से इस ओर घुसने का प्रयास करते समय मारे गए।

विदेशी आक्रांताओं को अपना आका मानने वालों के लिए भारत में कोई जगह नहीं: सीएम योगी

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं को अपना आका मानने वालों के लिए भारत में कोई जगह नहीं है। ऐसे विकृत मानसिकता के लोगों को प्रभु श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह की परंपरा का सम्मान अच्छा नहीं लगता है। उन्होंने बिना नाम लिए विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। वहीं कुछ लोग ऐसे हैं जो भारत और भारतीयता पर प्रश्न खड़ा करके भारत की विरासत को अपमानित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

सीएम योगी ने बुधवार को छत्रपति शिवाजी महाराज राज्यभिषेक की 350वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 17वीं सदी में शिवाजी महाराज ने लोक कल्याणकारी शासन सत्ता देकर राष्ट्रवाद को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि उनके इस शौर्य और पराक्रम को देखकर के उत्तर प्रदेश के महाकवि भूषण ने एक बात कही थी- दावा द्रुम दंड पर, चीता मृगझुंड पर,'भूषन' वितुंड पर, जैसे मृगराज हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की हमारी सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज को सम्मान देते हुए आगरा में म्यूजियम बना रही है, जो शिवाजी महाराज के शौर्य पराक्रम के साथ ही साथ भारत के इतिहास के प्रति गौरव की अनुभूति कराएगा।

आजम खां के कई ठिकानों पर इनकम टैक्स का छापा

लखनऊ। पूर्व मंत्री और सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां के कई शहरों में स्थित ठिकानों पर बुधवार सुबह आयकर विभाग के अधिकारियों ने छापा डाला है। इस छापे लखनऊ, रामपुर के साथ-साथ कई शहरों में डाले गए हैं। इसकी सूचना मिलते ही लखनऊ के राजनीतिक हलकों में राजनीतिक गर्मी बढ़ गई है। कहा जाता है कि यह कार्रवाई खां के अल जौहर ट्रस्ट को लेकर हुई है। छापेमारी लखनऊ, रामपुर, गाजियाबाद, सहारनपुर और मध्य प्रदेश के कुछ स्थानों पर की गई है। बता दें कि छह माह पूर्व आयकर विभाग ने पूर्व मंत्री आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम के आयकर हलफनामे की फिर से जांच शुरू की थी। दरअसल, आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान दाखिल किए गए आयकर हलफनामे में कई गड़बड़ियां मिली थी। उधर, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने इस छापे की आलोचना की है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है- सरकार जितनी कमजोर होगी, विपक्ष पर छापे उतने ही बढ़ते जाएंगे।



योगी कैबिनेट ने 100 नगरीय निकायों में आकांक्षी नगर योजना को दी है मंजूरी

'3सी' पर बेस्ड होगी योगी सरकार की आकांक्षी नगर योजना

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

योगी कैबिनेट ने 20 हजार से एक लाख जनसंख्या वाले सबसे पिछड़े 100 नगरीय निकायों में आकांक्षी नगर योजना को लागू किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। योगी सरकार इस योजना के अंतर्गत 3सी दृष्टिकोण को अपनाते हुए कार्य करेगी। ये 3सी यानी कन्वर्जेंस, कोलाबरेशन और कंपटीशन के रूप में योजना को क्रियान्वित करेंगे। इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों, नागरिक समाजिक संगठनों, कॉर्पोरेट घरानों द्वारा सीएसआर गतिविधियों और बहुपक्षीय और द्विपक्षीय विकास एजेंसियों के द्वारा जारी प्रयासों को एकजुट करते हुए निकायों का कायाकल्प करना है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य दिया है जिसमें शहर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि छोटे शहरों की क्षमता का भी उपयोग किया जाए जो ऐतिहासिक रूप से लंबे समय तक शहरी नियोजन से उपेक्षित रहे हैं। इसी क्रम में आकांक्षी नगर कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

आकांक्षी से प्रेरणादायक शहरों तक की यात्रा

इन नगरीय निकायों में वर्तमान में चल रही सरकारी योजनाओं के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार, सांसद व विधायक निधि समेत अन्य संस्थाओं से सहयोग प्राप्त कर कन्वर्जन के माध्यम से परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। आकांक्षी नगर कार्यक्रम 2011 की जनगणना के अनुसार 20,000 और 1,00,000 की आबादी के बीच के शहरों की जरूरतों को पूरा करता है। आकांक्षी नगर कार्यक्रम 'आकांक्षी' से 'प्रेरणादायक' शहरों तक की यात्रा होगी। इसका उद्देश्य छोटे शहरों को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के संकल्प को साकार करने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना है।

सरकार की पहल से आत्मनिर्भर हो सकेंगे नगरीय निकाय

चयनित शहरों में परिवर्तनकारी प्रगति हासिल करने के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में आकांक्षी नगर कार्यक्रम के लिए राज्य सरकार द्वारा 100 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया था। कार्यक्रम प्रत्येक शहर को अपने भविष्य की कल्पना करने, अपनी आर्थिक क्षमता को बढ़ाने और अपनी स्वयं की योजनाएं तैयार करके सतत विकास की ओर अग्रसर होने का अनूठा अवसर प्रदान करता है। योजना के तहत केंद्र और राज्य प्रायोजित योजनाओं, सांसद और विधायक निधि और अन्य संस्थानों के प्रयासों से चल रहे कार्यक्रमों और परियोजनाओं को एकत्रित करके विकास परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।

सीएम फेलो के रूप में नियुक्त होंगे 100 प्रोफेशनल्स : इन 100 आकांक्षी नगरीय निकायों में 100 प्रोफेशनल्स को भी मुख्यमंत्री फेलो के रूप में नियुक्त किया जाएगा। ये प्रोफेशनल्स स्थानीय नगरीय निकायों के साथ साक्ष्य आधारित रणनीतिक योजना विकास के लिए गहन अनुसंधान और डेटा कलेक्शन का कार्य करेंगे। ये फेलो योजना के पथप्रदर्शक होंगे और आगे बढ़कर कार्यान्वयन का नेतृत्व करेंगे। राज्य स्तर पर योजना का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी एवं पर्यवेक्षण किया जाएगा।

बिहार में बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने के लिए गृह विभाग की आरक्षी शाखा ने जारी किया आदेश

बिहार पुलिस के 66 अधिकारियों का तबादला

केटी न्यूज/पटना

बिहार में बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह विभाग की आरक्षी शाखा ने बुधवार को कड़ा फैसला लेते हुए बिहार पुलिस के 66 अफसरों का तबादला किया है। इसके अनुसार सारण के सोनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अंजनी कुमार को विशेष कार्य बल बिहार का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। बगहा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कैलाश प्रसाद को भागलपुर हेड क्वार्टर 1 का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। पुलिस अनुसंधान में गड़बड़ी के लिए प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए बिहार शरीफ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहम्मद शिब्ली नोमानी को विशेष शाखा बिहार में पुलिस उपाधीक्षक बनाकर किनारे कर दिया गया है। नवादा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र प्रसाद को पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्यालय पूर्वी क्षेत्र भागलपुर कार्यालय के मातहत पुलिस उपाधीक्षक प्रशासन बनाया गया है।

बेतिया में नरकटियागंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुंदन कुमार को कटिहार में रेल पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। मधेपुरा के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय

नारायण यादव को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 13 दरभंगा में पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। रोहतास में सासाराम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार राय अब ERSS बिहार के पुलिस उपाधीक्षक होंगे।

सीतामढ़ी, पटना, मुजफ्फरपुर में इन्हें मिली जिम्मेवारी: गया में इमामगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज राम को सीतामढ़ी में पुलिस उप अधीक्षक हेडक्वार्टर 1 बनाया गया है। विशेष कार्य बल बिहार के पुलिस उपाधीक्षक सोनू कुमार राय को पटना का ट्रैफिक डीएसपी बनाया गया है। मधुबनी के झंझारपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशीष आनंद को मुजफ्फरपुर का पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय बनाया गया है। सुपौल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार इंद्र प्रकाश को आर्थिक अपराध इकाई का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है।

पोलस्त कुमार बने बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 18 डुमरांव का पुलिस उपाधीक्षक

जमुई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार को सारण में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय बनाया गया है। सिवान में महाराजगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पोलस्त कुमार को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 18 डुमरांव का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। समस्तीपुर के दलसिंहसराय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिनेश कुमार पांडे को विशेष कार्यालय में पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। बेगूसराय में बलिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार वीर धीरेंद्र को आर्थिक अपराधिकारी बिहार का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्यालय पूर्वी क्षेत्र भागलपुर के पुलिस उपाधीक्षक हरीश शर्मा को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 10 पटना में पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। बांका के बेलहर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रेमचंद सिंह को शिवहर का पुलिस उपाधीक्षक हेड क्वार्टर बनाया गया है। खगड़िया के गोगरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 9 जमालपुर का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। गया के वजीरगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार वैभव को शेखपुरा का पुलिस उप अधीक्षक मुख्यालय बनाया गया है। गया के नीमचक बथानी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कमलेश कुमार को बिटिया का पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय बनाया गया है।

बक्सर एसडीपीओ गोरख राम का तबादला रोहतास के पुलिस उपाधीक्षक बनाए गए

बक्सर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोरख राम को रोहतास में पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) बनाया गया है। मोतिहारी में पकड़ी दयाल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 17 बोधगया में पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। कटिहार के बारसोई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रेमनाथ राम को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 7 कटिहार में पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। नवगछिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार को पुलिस उपाधीक्षक आतंकवाद निरोधक दस्ता बनाया गया है।

आतंकवाद निरोधक दस्ता बिहार के पुलिस उपाध्यक्ष निशिकांत भारती बने बेगूसराय के ट्रैफिक डीएसपी: मुंगेर के तारापुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पंकज कुमार को बिहार पुलिस अकादमी राजगीर नालंदा का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। मधुबनी में फुलपरास अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमारी दुर्गा शक्ति को मोतिहारी का पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय बनाया गया है। आतंकवाद निरोधक दस्ता बिहार के पुलिस उपाध्यक्ष निशिकांत भारती को बेगूसराय का ट्रैफिक डीएसपी बनाया गया है। कटिहार सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश को वैशाली में पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) बनाया गया है।

विशेष सशस्त्र पुलिस 8 बेगूसराय के पुलिस उपाधीक्षक नीशु मल्लिक बने गया के ट्रैफिक डीएसपी

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो बिहार पटना के पुलिस उपाधीक्षक नीलाभ कृष्ण को मुजफ्फरपुर का ट्रैफिक डीएसपी बनाया गया है। बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 8 बेगूसराय के पुलिस उपाधीक्षक नीशु मल्लिक को गया का ट्रैफिक डीएसपी बनाया गया है। अपराध अनुसंधान विभाग बिहार पटना के पुलिस उपाधीक्षक दिवेश को दरभंगा का ट्रैफिक डीएसपी बनाया गया है।

जदयू एमएलसी राधाचरण सेठ को ईडी ने किया गिरफ्तार

केटी न्यूज/पटना

आरा-बक्सर निकाय क्षेत्र से निर्वाचित विधान पार्षद सह जदयू के प्रदेश महासचिव राधा चरण साह उर्फ सेठ से लम्बी पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। राधा चरण सेठ से संबंधित पटना आरा सहित एक दर्जन जगहों पर बुधवार को सुबह से ईडी की जांच चल रही थी। राधा चरण सेठ पर बालू के अवैध कारोबार सहित अवैध तरीके से अकूत सम्पति बनाने का मामला है। पिछले दिनों ईडी ने राधाचरण सेठ और उनके बेटे कन्हैया को नोटिस देकर पटना ऑफिस में पूछताछ भी किया था। गिरफ़्तारी के बाद जदयू एम एल सी ने अपनी तबियत खराब होने की बात कही। जिसके बाद उनका मेडिकल चेकअप कराया गया। इससे पहले ईडी ने एमएलसी राधा चरण सेठ और उनके बड़े बेटे कन्हैया प्रसाद को समन भेजा था जिसमें उनसे 15 दिन के अंदर जवाब माँगा गया था। जवाब नहीं देने पर ईडी ने बुधवार की सुबह उनके घर और उनसे संबंधित अन्य जगहों पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच करने के क्रम में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से ईडी ने अपने साथ सीआरपीएफ के जवान और स्थानीय पुलिस को भी साथ कर लिया था।

इससे पूर्व भी हो चुकी है जांच: एमएलसी राधा चरण शाह के निवास स्थान और उनसे संबंधित अन्य कई जगहों पर इससे पहले भी जांच की जा चुकी है। पिछली बार हुए छापेमारी के दौरान टीम ने देर शाम अनाईठ स्थित फार्म हाउस पर नोट गिनने के लिए दो मशीन भी मंगवाए थे। आरा-बक्सर निकाय क्षेत्र से निर्वाचित विधान पार्षद सह जदयू के प्रदेश महासचिव राधा चरण साह उर्फ सेठ भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंड के रहने वाले हैं। आरा में राधा चरण सेठ के रमना मैदान शहीद भवन स्थित होटल, बाइपास रोड स्थित रिजॉर्ट के अलावा उत्तराखंड और हिमाचल में भी उनका होटल का व्यवसाय है।

जलेबी बेचते-बेचते बन गये अरबपति

तीन दशक पहले राधाचरण सेठ की आरा रेलवे स्टेशन के बाहर जलेबी की दुकान हुआ करती थी। वे खुद उस दुकान पर बैठ कर जलेबी छानते थे। उसके बाद वे जमीन का कारोबार करने लगे। 2005 में जब बिहार में नीतीश कुमार की सरकार आयी तो बालू सोने के माफिक हो गया। तब बिहार सरकार ने बालू के ठेके देना शुरू किया तो राधाचरण सेठ अपने सिंडिकेट के साथ इस धंधे में कूद पड़े। इस सिंडिकेट ने बिहार के ज्यादातर जिलों में बालू का ठेका ले लिया। इसके राधा चरण आरा-बक्सर के सबसे बड़े रईसों में शामिल हो गये। राधा चरण साह लंबे समय से बालू सिंडिकेट से जुड़े रहे हैं। इसी दौरान वे विधान पार्षद बन गये।

गया में अपराधी छवि के युवक वीरू डॉन की गोली मार हत्या

केटी न्यूज/पटना

गया के बाराचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शोभ के श्मशान घाट में गोली मारकर एक शख्स की बदमाशों ने हत्या कर दी। घटना मंगलवार देर शाम की है। युवक की पहचान विनोद कुमार यादव उर्फ वीरू डॉन के रूप में की गई। वह बाराचट्टी थाना क्षेत्र के लहुवारी गांव का रहने वाला था। उसके खिलाफ बिहार और झारखंड के कई थानों में मामले दर्ज हैं। घटना की सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों को इसके बारे में अवगत कराया गया। इसके बाद बाराचट्टी थानाध्यक्ष और थाना के अन्य पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ टीम घटनास्थल पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। जांच के बाद पता चला कि शख्स का नाम विनोद कुमार यादव उर्फ वीरू डान है।

कुछ महीने पहले जेल से आया था बाहर: अपराधियों द्वारा आपसी गैंगवार में मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। छह से सात गोली मारी गई है। गोली लगने के बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि कुछ महीने पहले ही वह जेल से छूट कर गांव आया था।

बिहार में डेंगू के मरीजों की संख्या 1100 के पार

केटी न्यूज/पटना

बिहार में डेंगू लोगों को डराने लगा है। प्रदेश में डेंगू के मरीजों की संख्या 1100 को पार कर चुकी है। इस बीच, स्वास्थ्य विभाग भी डेंगू से निपटने की हर मुकम्मल तैयारी में जुटा है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रदेश में इस साल मंगलवार तक मिले डेंगू मरीजों की संख्या 1132 पर पहुंच गई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू से निपटने के लिए कई मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में डेंगू वार्ड बनाए हैं। इनमें 225 मरीज भर्ती हैं, जिनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि इस महीने राज्य में अब तक 850 से ज्यादा मरीज पाए गए हैं।

अपर मुख्य सचिव ने स्थिति की समीक्षा की

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और सचिव संजय कुमार सिंह ने डेंगू को लेकर सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षकों और सभी जिले के सिविल सर्जन के साथ बैठक की। उन्होंने बिहार में डेंगू को लेकर पूरी स्थिति की समीक्षा की। अमृत ने स्वास्थ्य के अन्य पदाधिकारियों के साथ पटना स्थित नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का मुआयना किया। यहां बनाए गए विशेष डेंगू वार्ड में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उनका हालचाल लिया।

मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने बुलाई बैठक: अस्पताल अधीक्षक को निर्देश दिए गया कि वह दिन और रात में एक अंतराल पर लावीर्साइट का छिड़काव और फागिंग करवाते रहें। इधर, डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने भी बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई।

दरभंगा में युवक की गर्दन काटकर हत्या

दरभंगा। दरभंगा जिले के सिंहवाड़ा थाने के पीछे के बगीचे में एक युवक की हत्या कर दी गई। शव को हत्यारों ने फेंक दिया है। युवक की सिर और गर्दन पर तेज धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक सिंहवाड़ा उत्तरी टोला निवासी युवा व्यवसायी सौरभ झा (20) की हत्या की गई। जानकारी मिलते ही बुधवार की दोपहर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। युवक के सिर और गर्दन पर तेज धारदार हथियार से हमला के बाद लहुलुहान शरीर बगीचे के बीच में एक मचान के पास पड़ा मिला। शव के बगल में ही उसकी बाइक गिरी हुई मिली। वहीं, बाइक की चाबी शव से दस फीट दूरी पर मिली है।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in

बेहतर प्रदर्शन करने वाले चयनित कलाकार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल

❒ जिला युवा महोत्सव में राज्यस्तरीय युवा महोत्सव के लिए प्रतिभागियों का हुआ स्क्रीनिंग

केटी न्यूज/बक्सर

बुधवार को बक्सर नगर भवन परिसर में जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में जिले के सभी प्रखंडो से आए विभिन्न विधाओं के प्रतिभागियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत लिया। महोत्सव का उद्घाटन डीएम अंशुल अग्रवाल व अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। बता दें कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में राज्य के कलाकारों की सहभागिता के लिए चयन को लेकर बिहार के प्रत्येक जिलों में सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में करवाया जाना सुनिश्चित किया गया था। जिसमे प्रतियोगिता के लिए मापदंड भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया था। विधाओं में कलाकारों की संख्या व उम्र 15 से 35 वर्ष तक होना चाहिए। इसी के तहत इसका आयोजन किया गया था। डीएम ने अपने संबोधन में युवा कलाकारों को बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होकर जिले का नाम रौशन करने की शुभकामना दी। कार्यक्रम का संचालन अनुराग मिश्र ने किया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ डुमरांव के रूपम कला निकेतन द्वारा समूह नृत्य कैसे खेले जे सावन में कजरिया... के साथ किया गया। जिसकी प्रस्तुति देखकर डीएम अंशुल अग्रवाल के साथ उपस्थित सभी अधिकारी बेहतर प्रदर्शन पर तालिया बजाकर कलाकारों का हौसला अफजाई की। जिसके पश्चात एकल लोक गीत कुमारी ज्योति द्वारा पटना से वैद बुलाई द नजरा गैनी गुईया... गाकर सबको गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया। वही समूह लोक नृत्य नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय के पलक एंड जूही ग्रुप द्वारा पिया मेंहदी लिया मोती झील से... की बेहतरीन प्रस्तुति की गई। जबकि मुस्कान कुमारी ने एकल लोक गीत प्रस्तुत किया। इसके अलावा समूह गायन, एकांकी नाटक, शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन, हरमोनियम वादन आदि की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में डीडीसी महेंद्र पाल, सामान्य शाखा प्रभारी, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद कुमार, एसडीओ धीरेंद्र मिश्र के अलावा अन्य कई पदाधिकारी मौजूद रहे। विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान पर चयनित कलाकारों में शास्त्रीय गायन में सोनी कुमारी, सुगम संगीत में मो शाहिद, तबला में भुजंग भूषण, बासुड़ी में प्रिंस कुमार, शास्त्रीय नृत्य में रितम दुबे, समूह लोक नृत्य में रूपम एवं समूह, एकांकी नाटक में जूही एवं समूह एवं एकल लोक गीत में मनीष कुमार का चयन हुआ है इसके अलावा इन विधाओं में द्वितीय व तृतीय का चयन किया गया। चयनित प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों के चेहरे पर प्रसन्नता झलक रही थी।

एक नजर

राजीव रंजन सिंह बने रेल यात्री कल्याण संघ के पश्चिमी जोन के महामंत्री, मिली बधाई

डुमरांव। जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता तथा जख्मी व परेशान रेल यात्रियों के हर 24 घंटे खड़े रहने वाले राजीव रंजन सिंह को अखिल भारतीय रेल यात्री कल्याण संघ का पश्चिमी जोनल महामंत्री बनाया गया है। उन्हें यह जिम्मेवादी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के अध्यक्षता में हुई बैठक में ली गई। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि बिहार को चार भागों में बांटा गया है। जिसमें पश्चिम क्षेत्र के संगठन महामंत्री के रूप में राजीव सिंह का चयन हुआ है। वे एक प्रमाणित सामाजिक कार्यकर्ता तथा रेल यात्रियों के जुझारू नेता हैं। वे वर्षों से संकट में पड़े रेल यात्रियों के लिए हनुमान की भूमिका निभाते आ रहे है। टेज्न से गिर गंभीर रूप से जख्मी होने वाले तथा खून से लथपथ सैकड़ो यात्रियों को समय से अस्पताल पहुंचा तथा उनका इलाज करवा वे जीवनदान दे चुके है। उन्हें पटना से पश्चिम पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन तक के प्रत्येक स्टेशन एवं हाल्ट स्टेशनों पर संगठन को पुनर्गठित करने की जिम्मेदारी भी दी गई है। संघ द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि भविष्य में बहुत सारे ट्रेनों का ठहराव वरुणा, डुमरांव, रघुनाथपुर, चौसा एवं बक्सर स्टेशनों पर होगा। राष्ट्रीय महामंत्री धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने रेल मंत्रालय से बक्सर स्टेशन पर राजधानी टेज्न का 2 मिनट के लिए ठहराव की मांग भी की है।

विंध्याचल राय बने भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, बधाईयों का लगा तांता

डुमरांव। अनुमंडल के ब्रह्मपुर विधानसभा के कद्दावर भाजपा तथा पटना हाई कोर्ट के तेज तर्रार अधिवक्ता विंध्याचल राय को भाजपा विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बनाया गया है। उन्हें यह जिम्मेवारी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने दी है। वे भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बनने वाले बक्सर जिले के पहले भाजपा कार्यकर्ता बन गए है। जैसे ही यह सूचना भारतीय जनता पार्टी के ऑफिशियल साइट से रिलीज हुई बक्सर जिला के भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सबने बिहार भाजपा के प्रदेश नेतृत्व एवं प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को आभार जताया। भाजपा नेता विंध्याचल राय को कानूनी सेल के प्रदेश संयोजक के रूप में नियुक्त किया जाना यह सुयोग्य उपलब्धि एडवोकेट राय के पार्टी ० संगठन के प्रति वर्षों के अटूट समर्पण और अथक प्रयासों को दशार्ती है। उनके योगदान ने संगठन की कानूनी नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एडवोकेट विंध्याचल राय की पार्टी के प्रति बेजोड़ प्रतिबद्धता और समर्पण से न केवल ना कानूनी बिरादरी को लाभ हुआ है, बल्कि अब वे राज्य स्तर पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं। यह नई जिम्मेदारी कानून के क्षेत्र में उनके असाधारण कौशल और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विदित हो कि श्री राय जिला के भाजपा कार्यकताओं में लोकप्रिय नेता है और हमेशा कार्यकर्ता उनके साथ सम्मानपूर्वक जुड़े रहते हैं। वे मूल रूप से ब्रह्मपुर विस अंतर्गत ब्रह्मपुर प्रखंड के जवही जगदीशपुर के रहने वाले है।

आशाओं को मिली टीबी के लक्षणों की जानकारी

केसठ। प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केसठ के सभागार में बुधवार को टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम के तहत आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में टीबी के मरीजों को खोजने के लिए जानकारियां दी। इसके अलावा टीबी के मरीजों की पहचान, लक्षण एवं उसके उपाय के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। टीबी ज्यादा खांसी वाले रोगियों में पाया जाता है। आशा कार्यकताओं को बीमारी के लक्षण की जांच करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बताया गया कि टीबी के संदिग्ध मरीजों का खंखार का परीक्षण स्वास्थ्य केंद्र पर किया जाएगा। खंखार जांच के बाद निकलने वाले पॉजीटिव मरीजों की सूची बनाकर उसे जिला क्षय विभाग को भेजी जाएगी। उसके बाद पॉजीटिव मरीजों का सात दिन के भीतर उपचार शुरू कर दिया जाएगा। टीबी मरीज को पोषण युक्त आहार के लिए पांच सौ रुपए की राशि छः माह तक सरकार देती है। इस कार्यक्रम को लेकर केसठ एवं कतिकनार पंचायत का चयन किया गया है। निःछय मित्र के तहत टीबी के मरीजों को गोद लेने को लेकर विस्तार से जानकारियां दी गई। बैठक में स्वास्थ प्रबंधक सुशील कुमार, विनोद कुमार, अयोध्या प्रसाद, पप्पू कुमार, विक्की कुमार, समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

खबरें फटाफट

महिला ने लगाया छेड़खानी का आरोप

डुमरांव। नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर गांव में घर मे घुसकर छेड़खानी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुराना भोजपुर की रहने वाली आशा देवी ने चार लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। महिला ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मेरे देवर मनोज साह घर मे घुस आये और मेरी बेटी के साथ अश्लील हरकत करने लगे। शोरगुल होने के बाद जब मैंने इसका विरोध किया तो अपने बेटो को बुलाकर मेरी पिटाई करवा दी, जिससे मैं जख्मी हो गयी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

गांजा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

नावानगर। सिकरौल थाना क्षेत्र के खंडरीचा गांव से पुलिस ने 14 पुड़िया गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर उक्त गांव निवासी बबलू यादव है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार गांजा कारोबारी पुड़िया बनाकर गांव में नशा करने वाले लोगों को बेचता था। जिसकी गुप्त सूचना उन्हें मिली थी। सूचना पर थानाध्यक्ष ने जवानों के साथ छापेमारी किया। छापेमारी में 14 पुड़िया गांजा के साथ कारोबारी को रंगे हाथ धर दबोचा। गिरफ्तार कारोबारी से पूछताछ के बाद उसपर प्राथमिकी दर्ज कर के जेल भेज दिया गया है।

छात्रावास में दाखिले को 20 तक दें आवेदन

बक्सर। जननायक कपूर्री ठाकुर कल्याण छात्रावास में दाखिला के इच्छुक अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए अच्छी खबर है। छात्रावास में रिक्तियों के विरुद्ध नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। वर्तमान सत्र में अध्ययनरत अति पिछड़ा वर्ग के छात्र को छात्रावास में दाखिला के पात्र होंगे। इसके लिए 20 सितंबर तक आवेदन की तिथि निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र सभी कागजातों के साथ जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा किया जाएगा। आवेदक छात्र को संबंधित अध्यनरत महाविद्यालय या शिक्षण संस्थान के प्राचार्य से आवेदन को सत्यापित कराना आवश्यक होगा। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा इसकी जानकारी दी गई है।

नप के पास नहीं कोई तरकीब, सेंट्रल नाला उड़ाही के नाम पर लाखों खर्च

अतिक्रमण व ड्रेनेज सिस्टम के ध्वस्त होने के कारण जलजमाव की समस्या गंभीर

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव में गंभीर हो चुके जलजमाव की मुख्य वजह सेंट्रल नाला का अतिक्रमण तथा नई कॉलोनियों में नाले का अभाव है। शहर का डेज्नेज सिस्टम राजकालीन है तथा नगर परिषद द्वारा इसमें सुधार नहीं करवाया गया है। उल्टे शहर के जलनिकासी के मुख्य स्त्रोत सेंट्रल नाला के अतिक्रमण पर नगर परिषद प्रशासन की चुप्पी कोढ़ में खाज का काम कर रही है। आलम यह है कि कभी 14-15 फिट चौड़ा यह नाला आज कई जगहों पर नाली में तब्दील हो गया है। वही इसका एंड प्वाइंट भी ऐसे जगहों पर है जहां से पानी का निकास संभव नहीं है।

पूर्व में जिन रास्तों से सेंट्रल नाला सहित शहर के अन्य नालियों से पानी को शहर से बाहर निकाला जाता था फिलवक्त वह भी अतिक्रमण व अन्य वजहों से बाधित है। लिहाजा शहर के एक बड़े इलाके में जलमाव गंभीर समस्या बन चुकी है। जिसका फिलवक्त समाधान नगर परिषद प्रशासन के पास भी नहीं है। दिलचस्प है कि जून महीने में नगर परिषद प्रशासन ने लाखों रूपए खर्च कर सेंट्रल नाला की सफाई करवाया था ताकी बरसात के दिनों में शहर को जलजमाव की समस्या से नहीं जूझना पड़े। लेकिन लाखों खर्च के बावजूद सेंट्रल नाला लोगों के घरों तथा नालियों से निकले वाले गंदे पानी को शहर से बाहर नहीं निकाल पा रहा है। बल्कि सेंट्रल नाला का पानी लोगों के लिए परेशानी का सबव बना हुआ है। इस मुद्दे पर प्रस्तुत है केशव टाइम्स द्वारा लोगों से ली गई प्रतिक्रयाएं :-

“ जलजमाव की समस्या के लिए नगर परिषद प्रशासन पूरी तरह जिम्मेवार है। पूर्व में इस नाले की चौड़ाई 14-15 फिट थी। लेकिन नगर परिषद के पूर्व अधिकारियों की मिलीभगत से इसकी जमीन पर अतिक्रमणाकरी काबिज है। जिसका परिणाम अब लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

– प्रदीप शरण

“ नप क्षेत्र में ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त कर ही जलजमाव से मुक्ति पाई जा सकती है। नए कॉलोनियों में नगर परिषद प्रशासन द्वारा नालों का निर्माण नहीं करवाया गया है। जबकि पहले कांव नदी तथा पश्चिमी रेलवे क्रासिंग के पास से भोजपुर नदी में जाकर गिरता था। नालों का निर्माण कर ही शहर को जलजमाव से मुक्त किया जा सकता है। – *ब्रह्मा ठाकुर, पूर्व उप मुख्य पार्षद*

“ सेंट्रल नाला पिछले कई वर्षों अतिक्रमण का शिकार है। नगर परिषद प्रशासन के पास अतिक्रमण हटाने के पर्याप्त साधन नहीं है। वैसे इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे है। फिलहाल पश्चिमी रेलवे क्रासिंग के पास फ्रेट टर्मिनल का निर्माण होने से भी जलनिकासी बाधित हो रही है। – *अनिरूद्ध प्रसाद, ईओ, नप, डुमरांव*

“ सेंट्रल नाला की जमीन पर अतिक्रमण तथा उसे हटाने में नप की उदासीनता इस बात की प्रमाण है कि इस समस्या का जिम्मेवार खुद नगर परिषद प्रशासन है। गहराई से जांच करने तथा सेंट्रल नाला को अतिक्रमणमुक्त कराया जाना चाहिए।

– *रामजी सिंह यादव*

“ सेंट्रल नाला के नाम पर हर साल लाखों की निकासी होती है। बावजूद इसके नाले का पानी शहर से बाहर नहीं निकलना नप प्रशासन व जिम्मेवार लोगों पर कई सवाल खड़े कर रहा है। शहरी क्षेत्र होने के बावजूद ड्रेनेज सिस्टम का विकास नहीं होना नप की कार्यशैली का प्रमाण है। इसकी जांच कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। – *शंभू शरण नवीन, वरिष्ठ अधिवक्ता*

“ सेंट्रल नाला के अतिक्रमण की जानकारी नहीं मिली है। लेकिन अब तक नगर परिषद द्वारा इस मसले पर कुछ जानकारी नहीं दी गई है। अगर नगर परिषद प्रशासन सहयोग मांगेगा तो पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल व मजिस्ट्रेट मुहैया कराया जाएगा। – *कुमार पंकज, एसडीओ, डुमरांव अनुमंडल*

बक्सर में स्कूल से गायब हुआ यूपी का किशोर, प्रबंधन और परिजन परेशान

केटी न्यूज/बक्सर

बक्सर में एक निजी स्कूल से एक 12 वर्षीय छात्र भरी दोपहरी रहस्यमय ढंग से गायब हो गया है। इसको ले स्कूल प्रबंधन तथा उसके परिजनों में हड़कंप मच गया है। वही मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार यूपी के गाजीपुर जिले के सोहवल थाना क्षेत्र अंतर्गत डोहिंया गांव के संजय राय का 12 वर्षीय पुत्र राज राय बक्सर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल यशोदा नगर, बक्सर में वर्ग पांच का छात्र है तथा वह हास्टल में रह पढ़ाई करता था।

बुधवार को दोपहर स्कूल की पढ़ाई पूरी कर वह हास्टल में आया था। यहां से अपने कुछ दोस्तों के साथ गुपचुप तरीके से बाहर निकल गया। बक्सर एसपी मनीष कुमार ने बताया कि वह अपने बक्सर के कुछ साथियों के साथ बाइक पर घुमते देखा गया है। उसके ग्रुप के लड़के दो बाइक से अहिरौली के आस पास आए थे तथा एक दुकान पर बैठ समोसा भी खाए थे। यहां से अन्य दोस्त हास्टल में चले गए थे। लेकिन राज नहीं पहुंचा। जिसके बाद उसकी खोजबीन शुरू की गई। लेकिन उसका कही पता नहीं चला। इसके बाद इसकी जानकारी उसके परिजनों तथा स्थानीय पुलिस को दी गई। परिजनों ने घर नहीं पहुंचने की जानकारी दी है। जबकि औद्योगिक थाने की पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। छात्र के गायब होने से परिजनों में किसी अनहोनी को लेकर आशंका गहराने लगी है। देर शाम उसके मौसेरे भाई लव राय स्कूल पहुंचे है। पुलिस उनसे उसके संभावित जगहों पर जाने की जानकारी ले रही है। वह अपने स्कूल ड्रेस पीले रंग के टीशर्ट में निकला है। परिजनों में उसके मानव तस्करों के चंगुल में फंसने की आशंका गहराने लगी है। बता दें कि हाल के दिनों में कई किशोर गायब हो चुके है।

जिलाधिकारी ने किया सदर अस्पताल स्थित डेंगू वार्ड का निरीक्षण, दिखें संतुष्ट

बक्सर। जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था एवं राज्य में बढ रहे डेंगू के मरीजों को दिखते हुए डीएम अंशुल लग्रवाल ने सदर अस्पताल का बुधवार को संध्या समय में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डेंगू को लेकर विशेष तौर पर तैयारियों का निरीक्षण किया। जिसको देखते हुए ब्लड बैंक एवं डेंगू वार्ड की स्थिति का विशेष तौर पर जायजा लिया। निरीक्षण की खबर पाकर पहले से ही कर्मी काफी सक्रिय दिख रहे थे। उन्होंने सर्व प्रथम ग्राउंड फ्लोर पर स्थित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मियों से भी कार्य संस्कृति की जानकारी ली।

जिलाधिकारी के सदर अस्पताल में पहुंचने की खबर सुन कर्मियों मे हडकंप मच गया। सभी अपनी ड्यूटी पर मुश्तैदी के साथ तैनात दिखे। वहीं इसके बाद डीएम ब्लड बैंक एवं डेंगू वार्ड का विधिवत निरीक्षण किया। जहां भी कर्मियों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से कार्यों की जानकारी ली। साथ ही, डीएम ने अस्पताल के इंडोर विभाग में भर्ती मरीजों से भी बातचीत की। इस दौरान मरीज एवं उनके परिजनों ने अस्पताल की व्यवस्था के प्रति कोई कमी नहीं बताई। बल्कि सभी मरीज व परिजन अस्पताल की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। इस दौरान डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की कमी नहीं पाई गई। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था के प्रति संतोष जताया। साथ ही, ब्लड बैंक को ब्लड की उपलद्धता के प्रति मजबूती प्रदान करने के लिए जिले वासियों से रक्तदान करने की अपील की

हिन्दी दिवस पर विशेष : सहाय जी की रचनात्मक लेखन की बदौलत बनी बिहार की पत्रकारिता की पहचान

साहित्य और पत्रिकारिता के सच्चे साधक थे शिवपूजन सहाय



प्रकाश कुमार बादल/बक्सर

रचनात्मक लेखन के लिए बिहार की पत्रकारिता की पहचान है तो इसकी वजह व बुनियाद है जो आचार्य शिवपूजन सहाय सरीखे व्यक्तित्व की देन है। साहित्य व पत्रकारिता जगत के शिव कहे जाने वाले आचार्य शिवपूजन सहाय का जन्म 9 अगस्त 1893 में बक्सर के इटाढ़ी प्रखंड अंतर्गत उनवांस गांव में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा गांव में लेने के बाद उनकी शिक्षा-दीक्षा भोजपुर जिले में हुई। उस वक्त शाहाबाद जिला हुआ करता था।

वर्ष 1921 तक उन्होंने हिंदी भाषा शिक्षक के रूप में अध्यापन कार्य किया। पत्रकारिता जगत में उनका प्रवेश वर्ष 1923 में हुआ। सहाय जी ने तब कोलकाता में मतवाला नामक पत्र में संपादक की कार्य संभाला। एक दो साल बाद ही वे लखनऊ चले गये जहां पत्रिका माधुरी का संपादन किया। उन्हें महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद का साथ मिला और उनकी कई कहानियों का उन्होंने संपादन किया। कहा जाता है कि बिहारी अस्मिता पर आधारित देहाती दुनिया की रचना उन्होंने इस क्रम में की। बाद में कुछ दिनों के लिये वाराणसी में उन्होंने स्वतंत्र पत्रकारिता भी की। बिहारी भूमि पर पत्रकारिता का आगाज उन्होंने भागलपुर सुल्तानगंज से प्रकाशित गंगा का संपादन कर किया। वर्ष 1935 में उन्होंने लहेरिया सराय में आचार्य रामलोचन शर्मा के पुस्तक भंडार से प्रकाशित बालक के प्रकाशन की जिम्मेदारी ली। चार साल यहां गुजारने के बाद उन्होंने छपरा के राजेन्द्र कालेज में हिंदी के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। इस दौरान उनकी पुस्तक विभूति व माता का आंचल ने उन्हें साहित्यकारों की जमात की अग्रिम पंक्ति में ला खड़ा किया।

आजादी के बाद बने राष्ट्रभाषा परिषद के सदस्य : आजादी के बाद वर्ष 1949 में वे बिहार राष्ट्रभाषा परिषद के सचिव बनाये गये। इस पद पर रहते हुए उन्होंने विभिन्न लेखकों के पचास से ज्यादा साहित्यिक रचनाओं को अपने संपादन में प्रकाशित कराया। बाद में परिषद के वे निदेशक बने। साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए वर्ष 1960 में उन्हें पद्म-भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया। 21 जनवरी 1963 को पटना में उनकी मृत्यु हो गई।

हिंदी भाषा बोलने वाले लोगों की संख्या : हिंदी भाषा बोलने वालों की बात करें तो ये भाषा साल दर साल लोगों में पैठ बनाती जा रही है और हाल के दशकों में दर्शन कला, संस्कृति, फिल्म, टेलीविजन और संचार के तमाम इलाकों में हिंदी की पकड़ और मजबूत हुई है। 2011 के जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक, देशभर की आबादी के 43.63 प्रतिशत लोगों की मातृभाषा हिंदी है। सबसे अधिक हिंदी भाषी उत्तर प्रदेश में हैं। इसके बाद बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा का स्थान आता है।

सफलता: 13 दिनों में करोड़ों रुपए की हजारों लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

केटी न्यूज/आरा

अवैध शराब के खिलाफ अभियान में भोजपुर पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। खासकर शाहपुर इलाके में पुलिस को बड़ी सफलता मिल रही है। मंगलवार की शाम शाहपुर पुलिस द्वारा फिर करीब 74 सौ लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गयी है। राजस्थान के रहने वाले एक चालक को गिरफ्तार भी किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि आरा-बक्सर फोरलेन पर शाहपुर थाना क्षेत्र के रानीसागर के पास भूसी लदी यूपी नंबर एक ट्रक से 7472 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। मौके से ट्रक चालक राजस्थान के बाड़मेर के धोरी मन्ना थाना क्षेत्र के गेलानियो का तल्ला गांव निवासी गोवर्धन राम को

गिरफ्तार किया गया है। एसपी के अनुसार इसका भी तार कुछ दिनों पूर्व जब्त शराब के तस्करों से जुड़ने के संकेत मिल रहे हैं। बता दें कि शाहपुर पुलिस द्वारा सितंबर माह में अबतक 19 हजार लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। चरपोखरी पुलिस द्वारा भी 32 सौ लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गयी है।

वहीं खवासपुर ओपी सहित अन्य थानों की पुलिस द्वारा भी शराब की खेप बरामद की गयी है। ऐसे में पुलिस की सक्रियता से अवैध शराब के धंधेबाजों को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस द्वारा महज 13 दिनों में करीब 25 हजार लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गयी है। राजस्थान और हरियाणा के रहने वाले दो-तीन ट्रक चालकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार सिर्फ सितंबर माह में अबतक जब्त शराब की कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। इधर, शराब बरामदगी की सफलता से उत्साहित पुलिस अब ट्रक चालकों के जरिए तस्करों तक पहुंचने में जुटी है। उसके लिए मोबाइल सर्विलांस की भी मदद ली जा रही है। पुलिस शराब के मुख्य सप्लायर से लेकर तस्करी करने वाले गिरोह तक की पहचान में जुटी है।

जब्त शराब की बड़ी खेप

एक सितंबर: आरा बक्सर फोरलेन पर शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव के पास अनाज लदे ट्रक से 7117 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी थी। तब गुजरात नंबर ट्रक से पंजाब में निर्मित शराब की तस्करी की जा रही थी। उस समय भी राजस्थान के बाड़मेर जिले के रहने वाले ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया था। जब्त शराब की कीमत 70 लाख से एक करोड़ के बीच आंकी गई थी।

एक सितंबर: खवासपुर ओपी पुलिस ने यूपी से आ रही ट्रैक्टर पर लदी 700 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की थी।

पांच सितंबर: आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी सहिला पुल से ट्रक पर लदी 3234 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी थी। हरियाणा से यूपी नंबर ट्रक से पाइप के नीचे छुपाकर शराब की खेप ले जायी जा रही थी। तब हरियाणा के सोनीपत निवासी ट्रक चालक को भी गिरफ्तार किया गया था।

आठ सितंबर: आरा:बक्सर फोरलेन पर शाहरपुर के समीप यूपी नंबर ट्रक से 3888 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गयी थी। बाइक सवार युवक को धक्का मारने के बाद भागने के चक्कर में चालक ट्रक छोड़ भाग गया था। बाद में तलाशी के दौरान सब्जी लदे ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद की गयी थी।

12 सितंबर: आरा-बक्सर फोरलेन पर शाहपुर थाना क्षेत्र के रानीसागर गांव के पास यूपी नंबर ट्रक से 7472 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। मौके से राजस्थान के बाड़मेर जिले के रहने वाले चालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार शराब की खेप राजस्थान से पटना ले जायी जा रही थी।

एक नजर

कमजोर मानसून की स्थिति में किसानों को अनुकूल कृषि तकनीकों का सहारा लेना चाहिए

जहानाबाद। मोदनगंज प्रखंड क्षेत्र के कृषि विज्ञान केंद्र गंधार में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत अंगीकृत गांव वैना एवं एवं मननपुर के किसानों के लिए प्रशिक्षण सह परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि विज्ञान केंद्र गंधार के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर मुनेश्वर प्रसाद ने किया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कमजोर मानसून की स्थिति में किसानों को अनुकूल कृषि तकनीकों का सहारा लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत गांव में लगाए गए प्रत्यक्षण विशेषकर धान की सीधी बुवाई एवं मक्का अरहर की खेती में रेज्ड बेड तकनीक अपना कर लागत खर्च कम किया जा सकता है। इस अवसर पर केंद्र के कृषि अभियंत्रण वैज्ञानिक इंजीनियर जितेंद्र कुमार ने उपस्थित किसानों को कम पानी की स्थिति में धान की खेती में सिंचाई के लिए जिला सूखा विधि अपनाने की तकनीक बताइ। इसके लिए एक विशेष प्रकार का छिद्र युक्त पाइप का टुकड़ा धान के खेत में लगाकर उसमें जमा पानी के स्तर के अनुसार सिंचाई करने की विधि बताई। साथ ही किसानों को छिद्र युक्त पाइप का टुकड़ा उपलब्ध कराया गया। इससे किसान धान की खेती में 30 से 40% तक पानी की बचत कर पाएंगे। मौके पर इंजीनियर जितेंद्र कुमार ने उर्वरक छिड़काव यंत्र के बारे में विस्तार से बताया एवं कहा कि इस यंत्र से कम समय में दानेदार उर्वरकों का फसल में एक समान छिड़काव किया जा सकेगा। कार्यक्रम में सूखे की स्थिति के मद्देनजर दो वाजिद हसन वैज्ञानिक कीट विज्ञान ने धान फसल में लगने वाले प्रमुख रोग एवं कीट प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया जिस्म की पत्र लपेटक, चतरा एवं गंधी किट के प्रकोप का लक्षण एवं आवश्यक रासायनिक उपचार के बारे में बताया। डॉ अभय कुमार रिसर्च एसोसिएट ने बताया कि जहानाबाद जिले में आधा प्रतिशत से कम जमीन पर पेड़ लगा हुआ है इसको बढ़ाने के लिए मेढ़ पर पेड़ तथा कृषि वानिकी को अपनाने का सलाह किसानों को दिया। मौके पर मौजूद किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र के प्रक्षेत्र में स्थित दीर्घकालीन प्रयोग के उद्देश्य से लगाए गए।

खबरें फटाफट

सड़क हादसे में युवक जख्मी

जहानाबाद। घोसी धामापुर मुख्य सड़क मार्ग पर डहरपुर गांव के समीप एक ऑटो की ठोकर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस संदर्भ में जख्मी बाइक सवार घोसी बाजार निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि वह घोसी में पोल्ट्री फार्म का व्यवसाय करता है और अपने व्यवसाय के कार्य करने के बाद वह धामापुर से वापस घोसी लौट रहा था। इसी बीच डहरपुर गांव के समीप विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही ऑटो ने उसके बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर कर जख्मी हो गया। जख्मी अवस्था में आसपास के लोगों के द्वारा तत्काल उसे रेफरल अस्पताल गोड़सर लाकर इलाज कराया गया।

मुआवजा भुगतान में तीव्रता लाएं अधिकारी: डीएम

जहानाबाद। जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में भू-अर्जन कार्यो का समीक्षा में किया गया। बैठक में उन्होंने एनएचआई के कौन्ट्रेक्टर को निदेश दिया कि एनएच-83 में जहां-जहां आरओ का कार्य माह नवम्बर अथवा दिसंबर तक पुर्ण कर लिया जाए, एनएच 83 परियोजना के कार्य में काफी विलम्ब हो गया है। बैठक में 119-डी परियोजना में डीएम ने मुआवजा भुगतान में तीव्रता लाने का निर्देश दिया। साथ ही, काको एवं मखदुमपुर के अंचल अधिकारी को निर्देशित किया कि मखदुमपुर में बेरका तथा काको में मुहम्मदपुर एवं काजी सराय विभाग से गाईड लाईन प्राप्त कर फॉलोअप चार्ट तैयार करें। वहीं, एक्सन प्लान तैयार कर कार्य करें। एनएच-83 अंचल अधिकारी, मखदुमपुर को निदेश दिया गया कि नेर अवस्थित मंदिर के लिए शीघ्र भूमि चिन्हित करने का कार्य एक सप्ताह के अंदर कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, मंडयी बीयर परियोजना को निदेश दिया गया कि फोर्स और पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिका रियों का मांग कर कार्य को प्रारंभ करेंगे। साथ ही जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जो लोग भू-अर्जन की मुआवजा नहीं ले रहे हैं, उन्हें अथवा उनके उत्तराधिकारी को नोटिस करने की कार्रवाई करेंगे।

भोजपुर जिले के सिन्हा ओपी क्षेत्र के सिन्हा गंगा घाट से बुधवार की सुबह पकड़े गए तीनों तस्कर

हथियार के बल पर शराब की तस्करी करने में यूपी व छपरा के तीन धंधेबाज गिरफ्तार

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर पुलिस की टीम द्वारा हथियार के बल पर शराब तस्करी का खुलासा करते हुए बलिया और छपरा जिले के तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार की सुबह तीनों को सिन्हा गंगा घाट से गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से एक देसी राइफल, एक गोली और 38 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। एक नाव भी जब्त की गयी है। गिरफ्तार तस्करों में यूपी के बलिया के डाकेरी थाना क्षेत्र के गड़ेरिया गांव निवासी सुग्रीव बिंद, उसी गांव के बिहारी बिंद और छपरा जिले के रिविलगंज थाना क्षेत्र के ज्ञानटोला निवासी गौरीशंकर चौबे शामिल हैं।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि गंगा से सटे यूपी और छपरा जिले के तस्करों द्वारा नावों के जरिए अक्सर रात के अंधेरे में शराब की तस्करी की सूचना मिलती है। उसे लेकर संबंधित इलाकों में नियमित रूप से पट्रोलिंग की जाती है। उसी क्रम में बुधवार की सुबह सूचना मिली कि सिन्हा गंगा घाट पर नाव से हथियार के साथ शराब की तस्करी की जा

■ रात के अंधेरे में यूपी से गंगा के रास्ते नाव के जरिये लायी जा रही थी शराब की खेप

रही है। उस आधार पर कोईलवर इंस्पेक्टर के नेतृत्व में उत्पाद विभाग और सिन्हा ओपी पुलिस द्वारा छापेमारी की गयी। उस दौरान मौके से नाव पर लदी 180 एमएल की 215 बोतल एटपीएम शराब (38 लीटर), एक देसी राइफल और एक गोली बरामद की गयी। उसके बाद नाव पर सवार बलिया और छपरा जिले के तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में तीनों ने बताया कि शराब बेचने का विरोध करने वालों को डराने-धमकाने और इलाके में दहशत पैदा करने के लिए हथियार का इस्तेमाल करते हैं। तीनों से पूछताछ कर शराब तस्करी में शामिल अन्य धंधेबाजों की पहचान और गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रही है। इस मामले में तीनों तस्करों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। टीम में सिन्हा ओपी इंचार्ज सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

मारपीट के दौरान सनकी बेटे ने मां की छत से फेंक की हत्या

आरा। जिले के पवना थाना क्षेत्र के नरौनी गांव में सनकी युवक ने मारपीट के दौरान अपनी मां को छत से नीचे फेंक दिया। उसमें उसकी मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृत महिला नरौनी गांव निवासी छोटक मुसहर की 55 वर्षीया पत्नी सोनी देवी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित हत्यारे बेटे को गिरफ्तार कर लिया। वह छोटक मुसहर का बड़ा बेटा जीतेंद्र मुसहर उर्फ सिकंदर मुसहर है। घटना का कारण फिलहाल पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि परिजनों के कथानानुसार और पुलिसिया जांच में घरेलू विवाद की बात सामने आ रही है। मामले में मृतक के पति छोटक मुसहर ने बताया कि मंगलवार की रात खाना खाने के बाद सभी लोग छत पर सोए थे। देर रात उसकी आंख खुली, तो देखा कि किसी बात को लेकर उसकी पत्नी और बड़े बेटे आपस में झगड़ रहे हैं। झगड़ा के दौरान बेटे ने पहले अपनी मां की पिटाई की और फिर उसे छत से धकेल दिया। जिससे उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव के विजेताओं को किया गया सम्मानित

केटी न्यूज/जहानाबाद

कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन जहानाबाद के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय महोत्सव 2023 के सफल आयोजन उपरांत विभिन्न विधाओं में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय अब्दुलबारी नगर भवन (टॉउन हॉल) में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और निर्णायक मंडल में सम्मिलित पदाधिकारियों को सफलतापूर्वक आयोजन कराने के लिए बधाई दी। दूसरे दिन महोत्सव की शुरूआत लोकगीत(एकल) एवं चाक्षुषकला (चित्रकला, मूर्तिकला, हस्तशिल्प, छायाचित्र) से करते हुए वक्तृता (आशु-प्रस्तुति एक्सटेम्पोर), समूह लोक नृत्य, लघु नाटक (वन-एक्ट प्ले), लोकगाथा तथा समूह गायन जैसी कला/विद्याओं में कलाकारों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

पुरस्कार वितरण के अवसर पर दोनों दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिसमें शास्त्रीय नृत्य के अंतर्गत कत्थक में प्रथम स्थान दिव्यांशु कुमारी को प्राप्त हुआ, जबकि ओडिसी में प्रथम स्थान ज्योति रानी एवं द्वितीय स्थान आशीष कुमार को प्राप्त हुआ है। वहीं शास्त्रीय गायन में प्रथम स्थान कौशल कुमार को, द्वितीय स्थान भूषण कुमार को तथा तृतीय स्थान प्रियंका कुमारी को प्राप्त हुआ है। सुगम संगीत में प्रथम स्थान मोहम्मद जाबिर हुसैन को, द्वितीय स्थान वैष्णवी कुमारी को एवं तृतीय स्थान चांद आलम को प्राप्त हुआ है। शास्त्रीय वाद्य-वादन तबला में प्रथम स्थान विवेक कुमार को प्राप्त हुआ है तथा हारमोनियम में प्रथम स्थान सुभाष कुमार को, द्वितीय स्थान भूषण कुमार को एवं तृतीय स्थान वर्षा कुमारी को प्राप्त हुआ है। बांसुरी में प्रथम स्थान मोहम्मद हमजा समीम को, द्वितीय स्थान चंचल कुमारी को तथा संत कुमार को प्राप्त हुआ है। जबकि वाइलिन में अमृता कुमारी को तथा गिटार में कोमल कुमारी को प्रयास करने हेतु सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

युवाओं और ग्रामीणों ने अभियान चला शमशान घाट पर किया वृहद पौधरोपण

जहानाबाद। मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र के धराऊत गांव के दांगी समाज के लोगों ने रामाकांत दांगी के नेतृत्व में विगत कई वर्षों से जनप्रतिनिधि एवं सरकारी तंत्र के उपेक्षा का दंश झेल रहे धराऊत शमशान घाट को आपसी सहयोग एवं श्रमदान से विकसित करने का कार्य कर रहे हैं।उत्साही युवाओं द्वारा हाल के दिनों में श्मशानघाट पर घेराबंदी कार्य, पौधरोपण कार्य एवं दाह संस्कार के लिए दो फाउंडेशन का निर्माण किया गया है।

इस संबंध में धराऊत पंचायत के पूर्व उपमुखिया सह वार्ड सदस्य संघ के मखदुमपुर प्रखंड संयोजक शशि कुमार दांगी ने बताया की इस शमशान घाट पर धराऊत, अमरपुर सहित आसपास के कई अन्य गावों के लोग दाह संस्कार के लिए भारी संख्या में उपस्थित होते हैं। जिन्हें खासकर गर्मी और बरसात के दिनों में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। शेड एवं छायेदार वृक्षों के अभाव में लोगों को तीखे धूप या बारिस में खुले आसमान के नीचे घंटों तक खड़े रहकर दाह संस्कार कार्य को पुरा करना पड़ता है। उन्होंने बताया की उत्साही युवाओं एवं ग्रामीणों ने आपसी सहयोग एवं श्रमदान से शमशान घाट के जमीन की घेराबंदी बांस- बल्ले से कर बुधवार को लगभग पांच सौ फलदार एवं छायेदार पौधों का रोपण किया गया है। इस मौके पर एक स्वर में ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन से पेयजल एवं स्नान करने की समस्या को दूर करने के लिए चापाकल लगाने एवं दो शेड का निर्माण कराने की मांग किया है।

एमडीए कार्यक्रम की सघन निगरानी के लिए बनाया गया है ऐप, बीसीएम करेंगे रिपोर्टिंग

ऐप से होगी एमडीए कार्यक्रम की दैनिक कवरेज की रिपोर्टिंग

केटी न्यूज/पटना

राज्य में 20 सितंबर से एमडीए यानी सर्व जन दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाएगा। एमडीए की सफलता के लिए कार्यक्रम की सघन निगरानी जरुरी है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल की है। अब एमडीए कार्यक्रम की दैनिक कवरेज की रिपोर्टिंग के लिए एक (सूक्रयता) ऐप विकसित किया गया। प्रखंड समुदाय उत्प्रेरक यानी बीसीएम एमडीए कार्यक्रम की दैनिक कवरेज की रिपोर्टिंग एप्प के माध्यम से करेंगे।

फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने

कहा कि 20 सितंबर से राज्य के 11 जिलों में एमडीए कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें पटना सहित नवादा, समस्तीपुर, पूर्णिया, भोजपुर, दरभंगा, बक्सर, लखीसराय, मधुबनी,नालंदा एवं रोहतास जिले शामिल हैं। एमडीए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्येक स्तर पर तैयारी की गयी है। अभियान की कुशल निगरानी के लिए दैनिक कवरेज की ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग जरुरी है। इसके लिए एप्प को विकसित किया गया है। बीसीएम के द्वरा ऐप से की जा रही दैनिक रिपोर्टिंग की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए जिला समुदाय उत्प्रेरक (डीसीएम) एवं जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी (भीबीडीसीओ) दैनिक रिपोर्टिंग पर नजर रखेंगे।

जिला स्तर पर बीसीएम को दिया जा रहा प्रशिक्षण: राज्य स्तर पर डीसीएम एवं भीबीडीसीओ को 10 अगस्त को ही ऐप संचालन पर प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं, 11 सितंबर से जिला स्तर पर बीसीएम को एप्प संचालन पर पिरामल स्वास्थ्य के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस बार के एमडीए में पहली बार बूथ निर्माण कर लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित किया जाना है। बूथ का निर्माण आँगनबाड़ी, स्कूल, पंचायत, पीएचसी, सीएचसी सहित मेडिकल कॉलेज पर आयोजित होगा। बूथ रणनीति के तहत पहले 3 दिन तक बूथ लगाकर एवं इसके बाद 14 दिनों तक घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। इस तरह अब 14 दिनों की जगह 17 दिनों तक सभी लोगों को दवा खिलाई जाएगी। इस बार के एमडीए राउंड में मार्कर पेन का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसमें सभी दवा खाने वाले लोगों की ऊँगली पर निशान लगाया जाएगा। इसके लिए सभी ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कराने वाली टीम को मार्कर पेन भी उपलब्ध कराया गया है।

अतिक्रमण हटाओ अभियान से दुकानदारों में हड़कंप

केटी न्यूज/मऊ

जिलाधिकारी के निर्देश पर सड़कों एवं अनधिकृत रूप से बनाए गए मकान के आगे दुकान लगाकर अवरोध पैदा करने तथा आने जाने वाले लोगों को जाम से जूझने को लेकर उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह थानाध्यक्ष रानीपुर समेत पुलिस तथा महिला पुलिसकर्मियों द्वारा खुरहट बाजार स्थित लगभग चार दर्जन लोगों द्वारा अतिक्रमण करने को लेकर जेसीबी से प्रशासन तथा पुलिस के लोगों ने इसे साफ कराया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी ने बताया कि दोबारा अगर किसी भी दुकानदार ने अवैध अतिक्रमण किया तो निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

तीन वांछित अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

सिकंदरपुर। पुलिस ने मारपीट के मामले में तीन वांछित अभियुक्तों को बुधवार की दोपहर एक बजे खरीद गांव स्थित घर से गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्तों का नाम वीरबल वर्मा, निर्मल वर्मा व सुरेन्द्र है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया है। सिकंदरपुर थानाध्यक्ष दिनेश पाठक ने बताया कि तीनों अभियुक्त के खिलाफ खरीद गांव में ही मारपीट के मामले में सिकंदरपुर थाने में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने खरीद गांव पहुंचकर तीनों को उन सबके घर से गिरफ्तार कर लिया।

सुरक्षित जगह शिफ्ट किए गए परिवारों को जल्द राहत सामग्री मुहैया करायें: डीएम

♦जिलाधिकारी ने किया भोजपुरवा गांव का निरीक्षण

केटी न्यूज/बलिया

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार बुधवार को मनियर विकासखंड के भोजपुरवा गांव के पास सरयू नदी से हो रहे कटान एवं वहां चल रहे कटानरोधी कार्यों का जायजा लेने पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने कटान की स्थिति का भौतिक सत्यापन कर बाढखंड के अधिशासी अभियंता और उप जिलाधिकारी को लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बाढखंड के अधिशासी अभियंता ने बताया कि कटान वाले स्थान पर बंबू क्रेट विधि द्वारा बोरियों में ईंट भरकर कटान रोकने का प्रयास किया जा रहा है और लगातार कटानरोधी कार्य चल रहा है।बाढ़ विभाग की टीम 24 घंटे की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य करें ताकि गांव की बस्ती कटान की जद में आने से बच जाएं और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी ने लोगों से बातचीत की। लोगों ने बताया कि कटान से प्रभावित सात परिवार के लोग दूसरी जगह पर अस्थाई रूप से रह रहे हैं। कटान से प्रभावित लोगों ने जिलाधिकारी से खाद्य राहत सामग्री और सुरक्षित जगह जमीन एवं पक्के मकान की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि शाम तक सभी कटान प्रभावित लोगों को शासन स्तर से प्राप्त खाद्य राहत सामाग्री उपलब्ध करवाएं और खसरा खतौनी देखकर प्रभावित लोगों को जमीन मुहैया कराकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत सभी को पक्के मकान दिए जाएं। जिलाधिकारी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि शासन स्तर से जो भी मदद होगी,वो हम करेंगे। बाकी प्रकृति से कोई नहीं जीत सकता। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी राजेश गुप्ता एवं बाढखंड के अधिशासी अभियंता संजय मिश्रा मौजूद थे।

राष्ट्रपति ने किया आयुष्मान भव अभियान का शुभारंभ, लोगों को किया गया जागरूक

समाज के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना है जरूरी : सांसद

केटी न्यूज/बलिया

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 'आयुष्मान भव' अभियान के शुभारंभ का सजीव प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने भाग लिया। जिले के डीपीएम आरबी यादव ने इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आयुष्मान भव अभियान के सजीव प्रसारण की समाप्ति के बाद सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों एवं अधिकारियों संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत और सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास एवं सबका विकास के दृष्टिगत यह भारत के गरीब तबके के व्यक्तियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान है। कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के हर नागरिक को भरोसा दिया है कि कोई भी व्यक्ति पैसे के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहेगा।इस अभियान के माध्यम से समाज के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति भी अपना इलाज करा सकेगा। सांसद ने कार्यक्रम में उपस्थित एसीएमओ से इस अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए और अधिक से अधिक इस योजना का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए जिलाधिकारी से सलाह लेकर रोड मैप बनाने का निर्देश दिया। कहा कि आप लोग पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करके हमारे जनपद को मॉडल जनपद के रूप में विकसित करें।

जनपद में आयुष्मान भव: कार्यक्रम का शुभारंभ

मऊ । जन समुदाय में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से संतृप्त करने के उद्देश्य से जागरूकता बढ़ाए जाने और महत्वपूर्ण सेवाओं से संतृप्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के द्वारा आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया ।

जनपद में इस अवसर पर मुन्ना दुबे लोकसभा प्रभारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन जिला चिकित्सालय सभागार में किया गया। लोकसभा प्रभारी मुन्ना दुबे ने बताया कि 13 सितंबर से आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। यह सरकार द्वारा चलाया गया अत्यंत महत्वाकांक्षी अभियान है। अभियान के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान महादान, एवं अंगदान शपथ महत्वपूर्ण घटक है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा आज अंगदान की शपथ ली गई है उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अंगदान करने का संकल्प लें। सीएमओ डा नन्द कुमार द्वारा बताया गया कि आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत सभी लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से प्राप्त हो सके यह उद्देश्य रखा गया है उन्होंने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं तथा अभियान के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके यादव ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य मनाया जाएगा ,आयुष्मान आपके द्वारा 3.0 ,आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा एवं आयुष्मान ग्राम पंचायत/ आयुष्मान नगरीय वार्ड पांच प्रमुख घटक रखे गए हैं,जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

सांसद की तारीफ में डीएम ने पढ़े कसीदे

बलिया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को लागू करवाना और लोगों को इन योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लाभन्वित कराना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी है कि आप जिस पद पर हैं, उसकी गरिमा समझते हुए पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। यही सच्ची देश सेवा है। यही अपने पद के साथ सच्चा न्याय भी है। उन्होंने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की तारीफ की और जनपद के अधिकारियों से अनुरोध किया कि इस अभियान को सफल बनाकर अपने जनपद को मॉडल जनपद के रूप में पेश करने का निर्देश दिया।

चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो किशोर अपचारी चढ़े पुलिस के हत्थे

बलिया। शहर कोतवाली पुलिस ने बुधवार की दोपहर लगभग एक बजे चोरी की दो मोटर साइकिल के साथ दो किशोर अपचारी को जमुआ बांध पर महर्षि भृगु शिक्षण संस्थान के पास से हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों किशोर अपचारी ने अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने दोनों किशोर अपचारी को संबंधित धाराओं में निरूद्ध कर दिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों किशोर अपचारी जमुआ बांध पर महर्षि भृगु शिक्षण संस्थान के पास से खड़ा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों को हिरासत में ले लिया। दो चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद हुआ। दोनों किशोर अपचारी से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनों लोग एक साथ मिलकर आस पास के क्षेत्रों से वाहनों की चोरी करते है ।

जिला विद्यालय निरीक्षक की निरीक्षण में प्रधानाचार्य समेत अनुपस्थित मिले 10 शिक्षक

केटी न्यूज/बलिया

जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने बुधवार को तीन स्कूलों का निरीक्षण किया। तीनों स्कूलों में नामांकन के सापेक्ष कम छात्र उपस्थिति पर शिक्षकों को सुधार लाने का निर्देश दिया। सभी छात्र-छात्राओं को दीक्षा एप्प, स्वीफ्ट चैट बोर्ड, पंख पोर्टल एवं इन्सपायर अवार्ड की जानकारी दी गयी। नया सवेरा कार्यक्रम के अन्तर्गत उन्हें पठन-पाठन हेतु प्रेरित किया गया। डीआईओएस ने तीनों विद्यालय में 5 वर्षों में छात्र-छात्राओं से प्राप्त शुल्क का विवरण सम्बन्धित बैंक खाते के साथ तीन कार्य दिवस में कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

सबसे पहले डीआईओएस रामशरण इण्टर कालेज शिवपुर बसन्तपुर पहुंचे, जहां विद्यालय के मुख्य द्वार पर बाहर से ताला बन्द था। लेकिन विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्रायें अपने शिक्षण कक्ष में अध्ययनरत व शिक्षक अध्यापन कार्य करते हुए पाये गये। शिक्षक मुअज्जम असरार चिकित्सीय अवकाश पर थे। वहीं, प्रधानाचार्य अरूण कुमार शुक्ला अनुपस्थित पाये गये, उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया।

शिक्षण कक्षों में छात्र- छात्राओं के बैठने की व्यवस्था का अभाव एवं शौचालय की व्यवस्था उचित नहीं मिलने पर प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्था एक सप्ताह के अन्दर ठीक करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करे। प्रबन्ध संचालक राकेश पाण्डेय प्रधानाध्यापक, राजकीय उमावि दुधैला को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में विद्यमान समस्याओं के निराकरण के लिए सकारात्मक कार्यवाही करे। वहीं, जंगली बाबा इका गडवार के निरीक्षण में 9 शिक्षक अनुपस्थित पाये गये। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य विजय प्रताप सिंह बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे। उपस्थित पंजिका के क्रमांक 2, 3, 8, 10, 11, 14.15 एवं 18 पर अंकित शिक्षकों से अनुपस्थित से सम्बंधित स्पष्टीकरण तलब किया गया कि क्यों न उनका वेतन अवरुद्ध कर दिया जाय। शिक्षकों द्वारा बताया गया कि विद्यालय के प्रधानाचार्य पद को लेकर विजय प्रताप सिंह एवं रमेश में विवाद की स्थिति है। इससे विद्यालय में पठन-पाठन का माहौल व्यवस्थित नहीं है।

बाबू शिवशंकर सिंह अति पिछड़े इलाके के मालवीय थे : अजय

केटी न्यूज/मऊ

पूर्वांचल के मालवीय के नाम से विख्यात एवं अनेक शिक्षण संस्थानों के संस्थापक तथा सहकारिता आंदोलन के प्रणेता बाबू शिव शंकर सिंह जी की 43 वीं पुण्यतिथि सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरमीडिएट कॉलेज हलधरपुर एवं दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज इटैली में धूमधाम से मनाई गई।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि स्वर्गीय शिव शंकर सिंह जी युग द्रष्टा और युग नायक थे, जिस प्रकार मदन मोहन मालवीय जी ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना करके इतिहास पुरुष बन गए, उसी प्रकार शिव शंकर सिंह जी पूर्वांचल के अति पिछड़े इलाके में अधिसंख्य शिक्षण संस्थानों की स्थापना कराकर अमर हो गए। उन्होंने कहा कि शिव शंकर सिंह और विकास पुरुष पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय निर्माण और विकास का जो कार्य कराए ,वह निर्माण विकास का पहिया इन दिनों थम सा गया है। वर्तमान सरकार में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई चरम सीमा पर है। 69 हजार शिक्षक भर्ती अधर में लटकी है। एस आई टी द्वारा जांच के नाम उत्पीड़न किया जा रहा है। ऐसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर आप सब परिवर्तन का संकल्प लीजिए, यही हम सब की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्वी जोन के प्रभारी विश्व विजय सिंह ने कहा कि बाबू शिव शंकर सिंह जैसे व्यक्ति ने अपने कर्म और साधना के बल पर मऊ से लेकर बलिया तक शिक्षण संस्थानों की स्थापना कराकर पिछड़े इलाके में शिक्षा और सहकारिता की अलख जगाई।

अज्ञात शव मिला क्षेत्र में फैली सनसनी

मऊ। जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हलीमा अस्पताल के पास एक 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । जैसे ही इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी गई । मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात व्यक्ति नशीले पदार्थ का आदी था वह मुंशीपुरा के आसपास रोज घूमता रहता था । बुधवार की सुबह लोगों ने देखा तो सनसनी फैला गई । किसी ने पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। इसका नाम अशोक बताया गया। इसके अलावा उसकी कोई और पुष्टि नहीं हो पाई वही शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

खबरें फटाफट

साइबर क्राइम की टीम ने पीड़ित का 71100 कराया वापस

चंदौली। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार के निर्देश के बाद साइबर क्राइम की सक्रिय हो गई है। टीम के सदस्यों ने पीड़ित इंद्रजीत कुमार का 71100 वापस कराया। वहीं एसपी रुपए वापस होने के बाद साइबर क्राइम टीम की सराहन की और कहा कि टीम पूरी तरह से साइबर क्राइम पूरी तत्परता के साथ कार्य करें, ताकि दूसरे पीड़ितों का भी। बताते हैं कि शायद राजा थाना क्षेत्र के सुनडेहरा गांव निवासी इंद्रजीत कुमार 73100 साइबर क्राइम के शिकार हो गए थे। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत साइबर क्राइम पुलिस से किया तो टीम सक्रिय हो गई। टीम के सदस्यों ने 71100 पीड़ित इंद्रजीत कुमार का वापस कराया।

रेलवे स्टेशन के मुख्य भवन में लगी आग, मची अफरातफरी

पीडीडीयू नगर (चंदौली)। हावड़ा दिल्ली रूट पर अति व्यस्त पं दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के मुख्य भवन में स्थित एसएंडटी ऑफिस में बुधवार की सुबह शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग से ऑफिस में रखी बैटरी, केबल और मशीन जल गई। आग लगने से स्टेशन का यात्री हाल काला धुएं से भर गया। इससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आधा घंटा के प्रयास से आग बुझाई। आग की सूचना पाकर डीआरएम सहित अन्य अधिकारी मौक पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा पीएम के जन्मदिन पर चलाएगा सेवा पखवाड़ा

चंदौली। भारतीय जनता युवा मोर्चा चंदौली द्वारा जिलाध्यक्ष आशीष रघुवंशी के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर बुधवार को बैठक आयोजित की गई इसमें जिला प्रवासी और प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर ने बैठक को संबोधित किया। इस दौरान राजेश राजभर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस की उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा चलाया जाएगा। इसमें युवा मोर्चा को पीएम मोदी के 73वें जन्म दिवस के उपलक्ष में 73 यूनिट रक्तदान करना है वह 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित करना है। कहा कि रक्तदान महादान होता है और यह रक्तदान के द्वारा जिले के ब्लड बैंक में रक्त समूह को एकत्रित करना है जिससे कि अस्पताल पर आने वाले गरीब असहाय को निशुल्क रक्त मिल सके और उनका जीवन बच सके साथ ही रक्तदान के द्वारा एक दूसरे की जिंदगी बचाने का एक महत्वपूर्ण अभियान भी है।

सीएमओ ने किशोर किशोरी स्वास्थ्य केंद्र का किया उद्घाटन

मऊ। जनपद के जिला महिला चिकित्सालय पर किशोर किशोरी स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नंदकुमार एव जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ चंद्रा सिन्हा द्वारा किया गया। सीएमओ डॉ नंदकुमार ने बताया की जिला महिला चिकित्सालय पर अब प्रत्येक माह की 8 तारीख को किशोर किशोरी दिवस मनाया जाएगा। जहां 10 से 19 साल के किशोर किशोरियों के स्वास्थ्य का चेकअप साथ उनके सेहत से जुड़े टिप्स एवं इस उम्र में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्हें उचित परामर्श के साथ-साथ सरकारी खर्च पर दवाएं प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा की इस कार्यक्रम में पीएसआई इंडिया भी अपना सहयोग प्रदान कर रही है।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पंच प्रण की दिलाई गई शपथ

केटी न्यूज/गाजीपुर

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की अगुवाई में आजादी के 75 साल पूर्ण होने पर गाजीपुर नगरपालिका के जयप्रकाश नारायण वार्ड में स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सामने स्थित सरोवर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रखर उत्तम की मौजूदगी में 75 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया।

इस मौके पर जनजन में राष्ट्र भावना को जागृत करने, उसे अंतर्निहित करने तथा नागरिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए अमृत काल के पंच प्रण की शपथ उपस्थित भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने ली।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि आजादी का यह अमृत काल भारत के लिए पुनर्जागरण का काल है। जिसमें भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सर्वांगीण विकास के साथ विश्व मे मजबूत छवि के साथ आगे बढ रहा है। लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को एक बार पुनः विश्व मे अपनी खोई प्रतिष्ठा और उपलब्धियों को प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ है और आने वाले दिनों में हम विश्व शिखर पर स्थापित होकर ही दम लेंगे।

अभिनव सिन्हा ने कहा कि अमृत काल में भारत हर क्षेत्र मे आगे बढे यहां का पर्यावरण सुरक्षित रहे,देश मे जन जन कि भागीदारी सुनिश्चित हो। हर व्यक्ति नैतिकता का पालन कर देश के विकास और सम्मान में सहयोग प्रदान करे। इसके पश्चात वार्ड और बूथ संख्या 288 के प्रत्येक घरों से मिट्टी या एक चुटकी चावल संग्रहीत किया गया । मेरी माटी मेरा देश अभियान की इस टोली द्वारा भारत माता की जय, वंदेमातरम तथा देश भक्ति गगन भेदी नारो से वातावरण गुंजायमान हो गया।

सख्ती : हाई कोर्ट के आदेश पर उसरी चट्टी हत्याकांड में हुई कार्रवाई

मुख्तार अंसारी के चचेरे ससुर सहित 3 रिश्तेदारों के घर कुर्की का नोटिस

केटी न्यूज/गाजीपुर

माफिया गैंग के लीडर मुख्तार अंसारी की मुश्किलें कम होते नजर नहीं आ रही है। मुहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मंगलवार की शाम को उसरी चट्टी हत्याकांड में महरूपुर गांव निवासी मुख्तार अंसारी के चचेरे ससुर अताऊर रहमान, करीबी शाहबुद्दीन और अफरोज उर्फ चुन्नू पहलवान के आवास पर पहुंचकर सीआरपीसी के तहत बयासी की नोटिस चस्पा की है।

यह कुर्की से पूर्व की कार्रवाई है, इस दौरान अधिक संख्या में पुलिस के जवान, पुलिस अधिकारी और राजस्व कर्मी भी उपस्थित रहे। पुलिस ने डुगडुगी बजाकर कोर्ट द्वारा जारी सीआरपीसी की नोटिस का तामीला कराया। इस बात की पुष्टि पुलिस अधीक्षक गाजीपुर ओमवीर सिंह ने भी की है।

उल्लेखनीय है कि मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के उसरी चट्टी पर 15 जुलाई 2001 को मऊ के तत्कालीन विधायक मुख्तार अंसारी के काफिले पर हुई गोलीबारी में बिहार के बक्सर जिले के सगरांव गांव निवासी मनोज राय की मौत हो गई थी।

इस मामले में इसी वर्ष कोतवाली में मनोज राय के पिता की ओर से ठेकेदारी के मामले को लेकर हत्या का मामला मुख्तार अंसारी और उनके सहयोगियों पर दर्ज कराया गया था। इस मामले में मुख्तार अंसारी के साथ महरुपुर गांव के अताऊर रहमान उर्फ बाबू, शाहबुद्दीन और अफरोज उर्फ चुन्नू पहलवान आरोपी बनाए गए थे, इस मामले में सीजेएम गाजीपुर की अदालत से गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद भी ये लोग न्यायालय में हाजिर नहीं हुए। जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 30 अगस्त को सीआरपीसी के तहत 82 की कार्रवाई का आदेश जारी किया गया था। इसी नोटिस को तामिल करने के लिए स्थानीय मुहम्दाबाद पुलिस ने डुगडुगी पीट कर और लाउड स्पीकर के माध्यम से जानकारी देते हुए घरों पर नोटिस चस्पा की कार्रवाई की।

अब अगर नियत समय पर उक्त आरोपी न्यायालय के सामने पेश नहीं होंगे तो कुर्की की अगली कार्रवाई भी की जाएगी।

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से होमगार्ड की मौत

गाजीपुर। तेज हवा व बारिश के दौरान जर्जर हाईटेंशन तार टूटकर खेत में गिरा हुआ था। इसी बीच अपने खेत में काम करने गए होमगार्ड की एचटी तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर किसान की मौत से घर में रूदन-क्रंदन जारी है।

कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के चावनपुर टोड़र गांव निवासी जनार्दन राजभर (55) पुत्र स्व. नरेश राजभर प्रतिदिन की तरह बुधवार को तड़के अपने खेत में किसी कार्य से गए हुए थे। इसी बीच खेत में गिरे हाईटेंशन तार की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कासिमाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के तीन पुत्र हैं और मृतक कासिमाबाद कोतवाली में होमगार्ड के पद पर तैनात था। घटना से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। उधर विद्युत विभाग के खिलाफ लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।

इस संबंध में कासिमाबाद थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

शिक्षकों ने की कार्रवाई की मांग

केटी न्यूज/चंदौली

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई की बैठक बुधवार को धरना-प्रदर्शन स्थल पर हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बदायूं स्वाती भारती द्वारा संगठन के जिलाध्यक्ष पर बेबुनियाद आरोप लगाकर की निलंबन की कार्यवाही को गलत बताया। साथ ही पत्रक देते हुए बदायूं बीएसए के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की।

शिक्षकों ने कहा कि यह कार्यवाही उस दिन की गई जिस दिन की महामहिम राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा पूरे देश मे शिक्षक समाज का सम्मान किया जा रहा था। उक्त बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवैधानिक व बेबुनियाद आरोप लगाकर जो कार्यवाही बदायूं जिलाध्यक्ष के खिलाफ की गई वह संगठन के सम्मान पर कुठाराघात है। इस कार्यवाही की शिक्षक संघ जनपद चन्दौली घोर निन्दा करता है और शासन-प्रशासन से मांग करता है कि बेसिक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए दण्डित किया जाय। जिलाध्यक्ष को तत्काल निलंबन को तत्काल खत्म करते हुए बहाल किया जाय अन्यथा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर बेसिक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं कार्यालय पर 20 सितंबर से धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। कोई अनहोनी घटना घटती है तो जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बदायूं और शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा।

मुख्यमंत्री के सचेतक से मिला देववंशी पटवा समाज का प्रतिनिधिमंडल

चंदौली। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व मुख्यमंत्री सचेतक डा.शलभमणि त्रिपाठी से उनके आवास पर अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज का प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय महामंत्री आकाश पटवा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात किया। इस दौरान समाज की ओर से 17 दिसम्बर से वाराणसी से निकलने वाली जन जागरण रथ यात्रा पर चर्चा किया। अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज अपनी राजनैतिक सामाजिक और शैक्षिक विकास और पहचान को लेकर लम्बे समय से गांव से लेकर नगर तक पहल तेज कर दिया है। इस क्रम में आगामी 17 से 20 दिसम्बर तक चार दिवसीय जनजागरण रथ यात्रा 12 सौ किलोमीटर की वाराणसी से विभिन्न जनपदों में निकाला जायेगा। कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करने के लिये प्रतिनिधि मंडल भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व मुख्यमंत्री सचेतक डा.शलभमणि त्रिपाठी से मुलाकात कर चर्चा किया।

बिजली की समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता से मिले सपा के पूर्व सांसद

केटी न्यूज/चंदौली

सपा के पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने बुधवार को तेंदुहान (दुधारी) गांव में ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के बाबत अधिशासी अभियंता सुनील कुमार से मुलाकात की। आरोप लगाया कि आए दिन ट्रांसफार्मर के जलने से भीषण गर्मी में जहां ग्रामीणों का हाल बेहाल है, वहीं किसान बिजली नहीं होने के कारण धान की फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

उन्होंने मांग किया कि ट्रांसफार्मर की 63 केवीए से क्षमता बढ़ाकर सौ केवीए की जाए, ताकि ग्रामीणों को सुचारू रूप से बिजली मिल सके। अधिशासी अभियंता से मुलाकात के दौरान अभियंता के व्यवहार को लेकर पूर्व सांसद ने नाराजगी व्यक्त की। कहा कि एक तरफ सरकार ग्रामीणों को रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति का दावा कर रही , वहीं स्थानीय अधिकारी उपभोक्ताओं की समस्या की उपेक्षा कर रहे हैं। तेंदुहान के ग्रामीण समस्या के बाबत कई बार सक्षम अधिकारियों से शिकायत कर चुके लेकिन उनकी अधिकारी कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। कहा कि ग्रामीणों की समस्या का अधिकारी ध्यान नहीं देगें तो सपा कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे।इस दौरान इकबाल, असमान, सागर चौहान, लालता पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

हवन पूजन पूजन-आरती के साथ संत शिरोमणि अघोराचार्य बाबा कीनाराम जन्मस्थली में जन्मोत्सव का आगाज

गगन भेदी जयघोष के साथ किनेश्वर महादेव पर जलाभिषेक

केटी न्यूज/ (चंदौली)

रामगढ़ स्थित संत शिरोमणि अघोराचार्य बाबा कीनाराम जन्मस्थली तपोस्थली मठ में बाबा कीनाराम का तीन दिवसीय 424 वां जन्मोत्सव समारोह बुधवार को प्रथम दिन सैकड़ों कांवरियों द्वाराअल सुबह किनेश्वर महादेव के जलाभिषेक के साथ जन्मोत्सव का आगाज शुरू हो गया। महिलाओं ने सोहर गीत प्रस्तुत किया। मठ में ब्राम्हणों द्वारा पूजन अर्चन किया गया।

क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा रामायण व भजन का का आयोजन हुआ। पहले दिन लाखों की संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे । बाबा कीनाराम इंटर कालेज खेल मैदान मेले में तरह -तरह की दुकाने लगी थीं । बच्चो के मनोरंजन के लिए हेलीकॉप्टर झूले, चरखी, खिलौने, गुब्बारे, चाट, पकौड़ी, मिठाई सौंदर्य प्रसाधन आदि की दुकानें सजी हुई थीं। मेले में भारी मात्रा में फोर्स तैनात रही।

रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में हर वर्ष का भांति इस वर्ष भी बाबा का जन्मोत्सव बढ़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। अलसुबह ही किनेश्वर महादेव बाबा कीनाराम की जयकारे के साथ कांवरियों ने बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट से जल लाकर किनेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया गया। जलाभिषेक के पश्चात बाबा कीनाराम का पूजन,अर्चन व हवन किया गया। गांव की महिलाओं द्वारा सोहर गीत के साथ नाच गाना किया गया। क्षेत्रीय व दूरदराज से आये भजन गायक महानन्द तिवारी, मुन्ना पांडेय व प्रभात मिश्रा द्वारा सुबह आठ बजे से मानस पाठ हुआ। महानन्द तिवारी द्वारा रामायण पाठ प्रस्तुत किया गया। बाबा कीनाराम के दर्शन पूजन के बाद लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उपजिलाधिकारी मनोज पाठक, क्षेत्राधिकारी राजेश राय व बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मी सुरक्षा ब्यवस्था को लेकर चप्पे चप्पे पर पुलिस एवं पीएसी के जवान तैनात रहे । वाहनों को मठ परिसर व मेला परिक्षेत्र से एक किलोमीटर दूर रखा गया । मेला में तरह तरह की मिठाई, गुड़हिया जलेबी, पकौड़ी, चाट व महिलाओं के सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों के अलावा बच्चो के मनोरंजन के झुला, चरखी, रेलगाड़ी, हेलिकॉप्टर खिलौनों की दुकानें पर भीड़ रही ।

कीनाराम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमो की धूम रही । बीएनबी स्कूल के छात्र-छात्रा चंद्रशेखर शर्मा,जोगेंद्र सिंह,सुरेंद्र सिंह,नागेंद्र सिंह,अंजू सिंह, ज्योति गुप्ता,विपिन बेशक आदि द्वारा शिव तांडव,कव्वाली, गीत संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ । बाबा कीनाराम के 424 वे जन्मोत्सव पर पहुचे वक्ताओं ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया।

अमेरिका से पहुचा जैसन बाबा का दर्शन करने

बाबा कीनाराम का दर्शन करने अमेरिका से जैसन नामक शख्स पहली बार पहुंचा जो मठ में कौतूहल का विषय बना हुआ था । लोग उसे देखने व सुनने के लिए उसके पास पहुच रहे थे ।

एक नजर

प्रसव के दौरान ऑपरेशन से विवाहिता की मौत

गाजीपुर। जनपद के कासिमाबाद तहसील अंतर्गत संचालित एक निजी अस्पताल में विवाहिता के प्रसव के दौरान ऑपरेशन होते ही हालत बिगड़ने लगी। इस बीच निजी अस्पताल के चिकित्सक ने तत्काल उसे मऊ रेफर कर दिया, जहां रास्ते में जाते वक्त उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन अस्पताल के सामने शव रख जमकर हंगामा किए और संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। इलाके के बरेसर थाना क्षेत्र के सागा पाली मुरार सिंह गांव निवासी अफरोज अंसारी की पत्नी तजबुन (25) प्रेग्नेंट थी। परिजनों ने बताया कि बरेसर चट्टी पर एक निजी अस्पताल संचालिका बिंदु यादव ने कासिमाबाद युसूफपुर रोड स्थित विकास हॉस्पिटल पर डिलीवरी करने के लिए भेजा, जहां पर ढ़ाई बजे अस्पताल पर परिजन पहुंच गए। निजी अस्पताल संचालक द्वारा तजबून का ऑपरेशन कर दिया गया। जिस दौरान बच्चा हुआ। बताया गया कि तजबून को खून की कमी हो गई है। हालत खराब होने पर संचालक द्वारा मऊ रेफर कर दिया गया है, जहां विवाहिता की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही संचालक मौके से फरार हो गया।

अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी, न्यायिक कार्य ठप

गाजीपुर। बीते कई दिनों से चल रहा अधिवक्ताओं का आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा। इस दौरान अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। कामकाज ठप होने से फरियादियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके आगे के आंदोलन का निर्णय बार कौसिंल आफ उत्तर प्रदेश के निर्देश पर लिया जाएगा। बुधवार को सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर अध्यक्ष सुधाकर राय के नेतृत्व में जुलूस निकाला और कलक्ट्रेट परिसर में पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक हापुड़ का तत्काल स्थानांतरण किया जाए। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर बर्बर लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही प्रदेश भर में अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया जाए। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर उसे लागू किया जाए। हापुड़ कांड में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिया जाए। सिविल बार एसोसिएशन के प्रागंण में वापस लौट कर अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष सुधाकर राय की अध्यक्षता में धरना दिया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। इसमें महासचिव रतन जी श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र नाथ, धीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र कुमार पांडेय, राम औतार राय, राजेश श्रीवास्तव, राम प्रताप, आनंद शंकर कुशवाहा, सत्येंद्र श्रीवास्तव, मनोज राय आदि शामिल थे।

पानी टंकी का स्टार्टर खराब, मची अफरातफरी

चंदौली। अलीनगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 मुगलचक में पानी टंकी में लगे मोटर का स्टार्टर खराब हो जाने के कारण बुधवार को वार्डवासियों में पानी के लिए हाहाकार मच गया। हालांकि पानी की समस्या को देखते हुए नगर पालिका द्वारा दो हजार लीटर पानी टैंकर से भेजा गया। पानी लेने के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। यह पानी ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ। आलम यह है कि अलीनगर मुगलचक में बने पानी टंकी से वार्ड नंबर नौ मुगलचक,वार्ड नंबर तीन,वार्ड नंबर 16 व वार्ड नंबर 5 में सप्लाई दी जाती है, लेकिन बुधवार को अचानक सुबह मोटर का स्टार्टर खराब हो जाने के कारण अलीनगर के इन वार्डों की पानी की सप्लाई ठप हो गई। जिससे वार्डवासियों में पेयजल के लिए हाहाकार मच गया। वार्ड वासियों की समस्या को देखते हुए नगर पालिका द्वारा एक टैंकर से दो हजार लीटर पानी भेजा गया। पानी पहुंचते ही वार्डवासियों की काफी संख्या में एकत्रित हो गई। चंद मिनट में ही पानी समाप्त हो गया। जिससे यह पानी ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ। हालांकि दोपहर बाद कर्मचारियों द्वारा स्टार्टर मरम्मत कर पेयजल सप्लाई शुरू की गई। जिससे वार्डवासियों में राहत की सांस ली। इस मौके पर सफाई नायक राजेंद्र चौरसिया, सभासद प्रतिनिधि भारत चौहान,अनिल बाबा, महेश कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

अनियमितता पर भंडारित औषधी सीज

मऊ। सहायक आयुक्त (औषधि), आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ तथा जिलाधिकारी मऊ के आदेश के अनुपालन में आज सरवा, मऊ स्थित आदर्श मेडिकल स्टोर पर औषधि निरीक्षक बलिया सिध्देश्वर शुक्ला, औषधि निरीक्षक आजमगढ़ श्रीमती सीमा वर्मा तथा राघवेन्द्र सिंह औषधि निरीक्षक मऊ की संयुक्त टीम द्वारा औचक छापेमारी की गयी। निरीक्षण के दौरान उक्त प्रतिष्ठान बिना लाइसेंस संचालित पाया गया। मौके पर उपस्थित विक्रेता ने अपना नाम अरविन्द यादव तथा अपने को उक्त मेडिकल स्टोर का मालिक बताया। प्रतिष्ठान में भण्डारित सारी औषधियों को मौके पर ही सीज कर दिया गया, । जिसकी कीमत लगभग 45000 है। प्रतिष्ठान में भण्डारित औषधियों में से संदिग्ध पायी गयी दो औषधि का नमूना नियमानुसार संग्रहित कर जांच हेतु प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्रयोगशाला से प्राप्त होने के उपरान्त सम्बन्धित के विरूद्ध परिवाद न्यायालय में दाखिल किया जायेगा। छापेमारी की कार्यवाही के दौरान औषधि निरीक्षक बलिया सिद्धेश्वर शुक्ला, औषधि निरीक्षक आजमगढ़ श्रीमती सीमा वर्मा, राघवेन्द्र सिंह औषधि निरीक्षक मऊ, हेड कॉन्सटेबल शैलेश कुमार सिंह एवं कान्सटेबल विवेक सिंह पटेल उपस्थित रहे।

यूपी ने झारखंड की टीम को 2-0 से हराया

मऊ। जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया कि 05 सितम्बर से 20 सितम्बर, 2023 तक भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित हो रही जूनियर बालक फुटबाल राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में आज उत्तर प्रदेश एवं झारखण्ड की टीम के मध्य सेमीफाइनल मैच खेला गया, जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम ने झारखण्ड की टीम को 2-0 के अन्तर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। उत्तर प्रदेश की ओर नदीम और निरंजन ने एक-एक गोल किये । उत्तर प्रदेश की फुटबाल टीम की ओर से जनपद मऊ के तीन खिलाड़ी नदीम, शाहवेज एवं आयुश राजभर खेल रहे है। उत्तर प्रदेश की जूनियर बालक फुटबाल टीम प्रशिक्षक मुकेश कुमार सब्बरवाल, मैनेजर मिर्जा शब्बीर बेग एवं इरफान जमा खान के नेतृत्व में प्रतिभाग कर रही हैं। उत्तर प्रदेश की फुटबाल टीम के फाइनल में पहुँचने पर उत्तर पद्रेश फुटबाल संघ के अध्यक्ष अरविन्द मेनन एवं अवैतनिक सचिव, मु0 शाहिद द्वारा तथा आनन्द सिंह सचिव जिला ओलम्पिक संघ, हाजी मुनौवर सचिव जिला फुटबाल संघ, ओमेन्द्र सिंह संयुक्त सचिव, यू0पी0 हॉकी समस्त जिला खेल संघों के पदाधिकारीगण स्टेडियम के प्रशिक्षक राजीव कुमार जायसवाल, अखिलेष कुमार खरवार, जैनुल आबदीन, मोईन अली, मनोज यादव, रीमा यादव संगीता सिंह सहित जनपद के खेल प्रेमियों ने टीम को बधाई देते हुए फाइनल में बढिया प्रर्दशन करने के लिए शुभकामना दी।